पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने अनलॉक व्यवस्था के तहत 08 जून, 2020 से शुरू होने वाली गतिविधियों को भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुरूप संचालित कराने के निर्देश दिए

## छूट के सन्दर्भ में अध्ययन करते हुए पूरी तैयारी के साथ इस व्यवस्था को लागू किया जाए

## बाजारों आदि में पुलिस द्वारा नियमित फुट पेट्रोलिंग तथा हाई–वे एवं एक्सप्रेस–वे पर पी0आर0वी0 112 के माध्यम से सघन पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए

## यह सुनिश्चित कराएं कि इंफ्रारेड थर्मामीटर तथा पल्स ऑक्सीमीटर संचालित करने वाले कार्मिकों को इन उपकरणों के संचालन की पूर्ण जानकारी हो

## स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारियों की निरीक्षण रिपोर्टों की नियमित समीक्षा करते हुए सभी जरूरी कदम उठाए जाएं

## परिवहन निगम की बसों को नियमित सेनिटाइज किया जाए

## जिन जनपदों में ज्यादा संख्या में कामगार/श्रमिक आए हैं, वहां विशेष पूल टेस्टिंग की व्यवस्था करते हुए सैम्पलों की जांच की जाए

## पी0पी0पी0 मोड पर बनने वाले मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की कार्यवाही को तेज किया जाए

## लघु सिंचाई विभाग, कृषि विभाग सहित विभिन्न विभाग मनरेगा श्रमिक के तौर पर श्रमिकों/कामगारों को रोजगार देने की व्यवस्थाओं का अध्ययन करें

## खाद्यान्न वितरण अभियान को पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित करने के निर्देश

## कार्यालयों में इंफ्रारेड थर्मामीटर एवं सेनिटाइजर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए

## सेंसर वाली सेनिटाइजर मशीन का उपयोग किया जाए, क्योंकि स्प्रे वाली सेनिटाइजर बोतल के कोरोना वायरस के वाहक होने की सम्भावना रहती है

**लखनऊ : 04 जून, 2020**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने अनलॉक व्यवस्था के तहत 08 जून, 2020 से शुरू की जाने वाली गतिविधियों को भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुरूप संचालित कराए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि 08 जून से मिलने वाली छूट के सन्दर्भ में अध्ययन करते हुए पूरी तैयारी के साथ इस व्यवस्था को लागू किया जाए।

मुख्यमंत्री जी आज यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्च स्तरीय बैठक में अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने पुलिस महानिदेशक को निर्देशित किया कि पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जाए। बाजारों आदि में पुलिस द्वारा नियमित फुट पेट्रोलिंग तथा हाई–वे एवं एक्सप्रेस–वे पर पी0आर0वी0 112 के माध्यम से सघन पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाए। सुरक्षित यातायात पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने सोशल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश देते हुए कहा कि कहीं भी भीड़ एकत्रित न होने पाए।

मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि क्वारंटीन सेन्टर तथा कम्युनिटी किचन की व्यवस्था को सुदृढ़ रखा जाए। कम्युनिटी किचन के माध्यम से कामगारों/श्रमिकों सहित सभी जरूरतमंदों को पर्याप्त एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन की व्यवस्था जारी रखी जाए। स्क्रीनिंग में स्वस्थ पाए गए कामगारों/श्रमिकों को राशन किट उपलब्ध कराते हुए होम क्वारंटीन के लिए घर भेजा जाए। कामगारों/श्रमिकों को 01 हजार रुपए का भरण–पोषण भत्ता अनिवार्य रूप से उपलब्ध करया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को निर्देशित किया कि वे सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के माध्यम से यह सुनिश्चित कराएं कि इंफ्रारेड थर्मामीटर तथा पल्स ऑक्सीमीटर संचालित करने वाले कार्मिकों को इन उपकरणों के संचालन तथा इनकी रेंज के आधार पर व्यक्ति को स्वस्थ अथवा अस्वस्थ आकलित करने की पूर्ण जानकारी हो। उन्होंने कहा कि इस सम्बन्ध में ऐसे कार्मिकों के प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जनपदों में तैनात स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारियों की कोविड एवं नॉन कोविड अस्पतालों की निरीक्षण सम्बन्धी रिपोर्टों की नियमित समीक्षा की जाए। इस फीडबैक के आधार पर सभी जरूरी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में उपचार, स्वच्छता तथा सुरक्षा आदि के बेहतर इन्तजाम किए जाएं। यह सुनिश्चित किया जाए कि अस्पतालों में

डॉक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ नियमित राउण्ड लें, मरीजों को सुपाच्य तथा पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाए तथा साफ–सफाई के उत्तम प्रबन्ध सुनिश्चित किए जाएं।

मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए यह जरूरी है कि सभी लोग पूरी सावधानी बरतें। कोविड–19 से होने वाली मृत्यु की दर को प्रत्येक दशा में कम रखने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि डॉक्टरों सहित पूरी मेडिकल टीम को पूर्ण समर्पण से कार्य करना आवश्यक है। उन्होंने जनपद गौतमबुद्ध नगर, कानपुर नगर, सहारनपुर, आगरा, अलीगढ़, मुरादाबाद, मेरठ, फिरोजाबाद तथा बुलन्दशहर में विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन जनपदों में चिकित्सा सुविधाओं को और बेहतर किया जाए। टेस्टिंग क्षमता में वृद्धि करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में ज्यादा संख्या में कामगार/श्रमिक आए हैं, वहां विशेष पूल टेस्टिंग की व्यवस्था करते हुए सैम्पलों की जांच की जाए।

मुख्यमंत्री जी ने निर्देश दिए कि उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों को संक्रमण से सुरक्षा सम्बन्धी प्रोटोकॉल के अनुरूप संचालित किया जाए। बसों के संचालन में यह सुनिश्चित किया जाए कि इनका नियमित सेनिटाइजेशन हो। बस यात्री मास्क पहनकर यात्रा करें। यात्रियों की इंफ्रारेड थर्मामीटर से स्क्रीनिंग करते हुए उनके लिए सेनिटाइजर की व्यवस्था भी की जाए। बस ड्राइवर तथा कंडक्टर मास्क तथा ग्लव्स अवश्यक इस्तेमाल करें। उन्होंने निर्देश दिए कि बस अड्डों पर सोशल डिस्टेंसिंग का कड़ाई से पालन कराया जाए।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि कार्यालयों में इंफ्रारेड थर्मामीटर एवं सेनिटाइजर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सेंसर वाली सेनिटाइजर मशीन का उपयोग किया जाए, क्योंकि स्प्रे वाली सेनिटाइजर बोतल के कोरोना वायरस के वाहक होने की सम्भावना रहती है।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि खाद्यान्न वितरण अभियान को पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जरूरतमंदों को खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाए। हर हाल में यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रदेश में कोई भूखा न रहे।

मुख्यमंत्री जी ने स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए कहा कि पी0पी0पी0 मोड पर बनने वाले मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की कार्यवाही को तेज किया जाए। इन परियोजनाओं में निवेश के इच्छुक लोगों से संवाद स्थापित किया जाए। आवश्यकतानुसार नियमों का सरलीकरण भी किया जाए। उन्होंने लघु सिंचाई विभाग, कृषि विभाग सहित विभिन्न विभागों को निर्देशित किया कि वे मनरेगा श्रमिक के तौर पर श्रमिकों/कामगारों को रोजगार देने की व्यवस्थाओं का अध्ययन करें।

इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्री जय प्रताप सिंह, मुख्य सचिव श्री आर0के0 तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त श्री आलोक टण्डन, कृषि उत्पादन आयुक्त श्री आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव सूचना एवं गृह श्री अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री संजीव मित्तल, पुलिस महानिदेशक श्री हितेश सी0 अवस्थी, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य श्री अमित मोहन प्रसाद, प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा श्री रजनीश दुबे, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री श्री एस0पी0 गोयल तथा श्री संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव एम0एस0एम0ई0 श्री नवनीत सहगल, प्रमुख सचिव कृषि श्री देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज श्री मनोज कुमार सिंह, सचिव मुख्यमंत्री श्री आलोक कुमार, सूचना निदेशक श्री शिशिर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

---------

***PN-CM-Unlock Review Meeting-04 June, 2020.doc***